शनिवार
18 अप्रैल, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर




वर्ष 2, अंक 74 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार

www.apnanalanda.com

## बिहारशरीफ मंडल कारा में जिला प्रशासन की सुबह चार बजे औचक छापेमारी




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के बिहारशरीफ स्थित मंडल कारा में शुक्रवार की अहले सुबह जिला प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त रूप से औचक छापेमारी अभियान चलाया। इस कार्रवाई से जेल प्रशासन और बंदियों के बीच कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार, जिलाधिकारी कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी के निर्देश पर सुबह करीब चार बजे पुलिस और प्रशासन की टीम भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मंडल कारा पहुंची। उस समय अधिकांश बंदी अपने-अपने वार्ड में सो रहे थे। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में जवानों ने जेल के प्रत्येक वार्ड और बैरक की सघन तलाशी ली।


करीब तीन घंटे तक चले इस अभियान के दौरान जेल परिसर की बारीकी से जांच की गई। सुबह लगभग साढ़े छह बजे जिलाधिकारी औरपुलिस अधीक्षक भी मंडल कारा पहुंचे और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

दोनों अधिकारियों ने करीब बीस मिनट तक जेल का निरीक्षण किया और इसके बाद वहां से रवाना हो गए।

छापेमारी के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई। इस अभियान में एडीएम, सदर एसडीओ, अपर पुलिस अधीक्षक समेत साइबर, विधि-व्यवस्था, मुख्यालय और सुरक्षा से जुड़े कई पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। इसके अलावा दीपनगर, बिहार, लहेरी और नालंदा थाना सहित कई थानों की पुलिस तथा पुलिस लाइन के जवान भी तैनात किए गए थे।

करीब एक सौ से अधिक पुलिस जवानों की मौजूदगी में चले इस अभियान के दौरान जेल से किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं होने की जानकारी मिली है। फिलहाल मंडल कारा में लगभग नौ सौ से अधिक बंदी निरुद्ध हैं। प्रशासन की इस कार्रवाई को सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## मृत शिक्षक के खाते में महीनों वेतन भुगतान, जांच की मांग तेज




अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के हिलसा प्रखंड स्थित कपसियावां पंचायत के नोनिया बिगहा प्राथमिक विद्यालय में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां पदस्थापित प्रधान शिक्षक स्वर्गीय शशिभूषण पासवान की मृत्यु के बाद भी उनके बैंक खाते में लगातार वेतन भुगतान किए जाने का आरोप लगा है। इस मामले को लेकर संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रधान शिक्षक शशिभूषण पासवान 4 नवंबर 2025 को चुनाव ड्यूटी के लिए जाते समय रास्ते में अचानक पेट दर्द से पीड़ित हो गए थे। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान 6 नवंबर 2025 को उनका निधन हो गया। बताया जाता है कि मृत्यु की सूचना संबंधित विभाग को समय पर दे दी गई थी, बावजूद इसके उनके बैंक खाते में नियमित रूप से वेतन का भुगतान जारी रहा।मामले के उजागर होने के बाद स्वर्गीय पासवान के बैंक खाते के संचालन पर रोक लगा दी गई। आरोप है कि इसके साथ ही उनके परिजनों को मिलने वाले सेवांत लाभ और पेंशन से जुड़े मामलों को भी लंबित कर दिया गया है, जिससे परिवार को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।इस संबंध में तेजस्वी फैंस एसोसिएशन की सचिव गायत्री देवी ने क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक, पटना प्रमंडल को आवेदन देकर पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने नालंदा के जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य जिम्मेदार कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई करने और पीड़ित परिवार को शीघ्र पेंशन एवं अन्य लाभ दिलाने का आग्रह किया है।

## पालिका मार्केट की 40 दुकानें सील, व्यापारियों में मचा हड़कंप




मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। नगर परिषद द्वारा की गई सख्त प्रशासनिक कार्रवाई से गुरुवार को इस्लामपुर के पालिका मार्केट में हड़कंप मच गया। बकाया किराया जमा नहीं करने और अनुबंध नवीनीकरण नहीं कराने वाले करीब 40 दुकानों को नगर परिषद की टीम ने सील कर दिया। इस कार्रवाई के बाद बाजार के व्यापारियों में अफरा-तफरी और असमंजस की स्थिति बन गई।

जानकारी के अनुसार नगर परिषद द्वारा पालिका मार्केट के कई दुकानदारों को लंबे समय से बकाया किराया जमा करने और समाप्त हो चुके अनुबंध का नवीनीकरण कराने के लिए कई बार नोटिस जारी किया गया था। इसके बावजूद कई दुकानदारों ने निर्देशों का पालन नहीं किया। इसके बाद प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए दुकानों को सील करने की कार्रवाई शुरू की।

गुरुवार की सुबह नगर परिषद की कार्यपालक पदाधिकारी पूजा माला के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम पुलिस बल के साथ पालिका मार्केट पहुंची। सूची के अनुसार एक-एक कर दुकानों को खाली कराया गया और उन्हें सील कर दिया गया। इस दौरान कई दुकानदारों ने प्रशासन से कुछ समय की मोहलत देने की मांग की और आर्थिक परेशानी का हवाला दिया।

प्रभावित व्यापारियों का कहना है कि अचानक हुई इस कार्रवाई से उनकी रोजी-रोटी पर सीधा असर पड़ा है। उन्होंने प्रशासन से बातचीत कर समाधान निकालने की मांग की है।

वहीं नगर परिषद के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिन दुकानदारों ने बकाया किराया जमा नहीं किया है या जिनका अनुबंध समाप्त हो चुका है, उनके खिलाफ आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी। हालांकि बकाया राशि जमा करने और अनुबंध का नवीनीकरण कराने पर नियमानुसार राहत दी जा सकती है।

## स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में डीएम ने दिए कई महत्वपूर्ण निर्देश

अखिलेंद्र कुमार



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को नालंदा जिले के स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि बिहार सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के लोगों तक पहुंचाना हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने अस्पतालों में मरीजों को मेनू के अनुसार मुफ्त भोजन उपलब्ध कराने, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय और बैठने की व्यवस्था सहित सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।


मरीजों और उनके परिजनों द्वारा चिकित्सकों की अनुपलब्धता की शिकायत को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर सदर अस्पताल से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक 24 घंटे चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। अस्पतालों में चिकित्सकों का नाम, मोबाइल नंबर और ड्यूटी रोस्टर टीवी स्क्रीन पर प्रदर्शित किया जा रहा है, जिससे शिकायतों में कमी आई है।

जिलाधिकारी ने बताया कि अस्पतालों में पैथोलॉजी जांच, एक्स-रे, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, आंख जांच, ईसीजी, सिजेरियन प्रसव और अन्य ऑपरेशन की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

सदर अस्पताल के औचक निरीक्षण के दौरान बिचौलिया का कार्य करने के आरोप में सात आउटसोर्सिंग कर्मियों और एक आशा कार्यकर्ता को बर्खास्त किया गया।

बैठक में बेहतर कार्य करने वाले डॉक्टरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर सिविल सर्जन, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED RERA APPROVED
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
Project Registration Number
BRERAP19200101102525O432E00
60% Free Area
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# कतरीसराय में जनगणना प्रशिक्षण शुरू, प्रगणक और सुपरवाइजर को दी विस्तृत जानकारी



आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र में आगामी जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से टेक नारायण +2 विद्यालय में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड के पांच पंचायतों से कुल 99 प्रगणक एवं सुपरवाइजर भाग ले रहे हैं, जिन्हें जनगणना कार्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन जनगणना पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी रजनीश कुमार एवं सहायक जनगणना पदाधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर बीडीओ रजनीश कुमार ने सभी प्रगणकों और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने, समय पर प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित रहने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर जनगणना कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से स्व-गणना प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया।

प्रशिक्षण सत्र में जिला फील्ड ट्रेनर प्रिंस वर्मा एवं आलोक निरंजन ने जनगणना की मूल अवधारणा, उद्देश्य और इसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही डिजिटल माध्यम से जनगणना करने की प्रक्रिया, प्रगणक एवं पर्यवेक्षक के कर्तव्य, मकान सूचीकरण ब्लॉक (एचएलबी), परिवार और भवन की परिभाषा सहित कई तकनीकी बिंदुओं को विस्तार से समझाया गया।

प्रशिक्षण के दौरान एचएलओ एप्लीकेशन के माध्यम से डिजिटल जनगणना की पूरी प्रक्रिया का प्रदर्शन कर प्रतिभागियों को व्यावहारिक जानकारी दी गई। बताया गया कि इस एप्लीकेशन के उपयोग के लिए एंड्रॉयड 12 या उससे ऊपर तथा आईओएस 15 या उससे अधिक संस्करण वाले स्मार्टफोन की आवश्यकता होगी।

महत्वपूर्ण तिथियों की जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रथम चरण के अंतर्गत मकान गणना एवं सूचीकरण कार्य 2 मई 2026 से 31 मई 2026 तक चलेगा, जबकि स्व-गणना की प्रक्रिया 17 अप्रैल 2026 से 1 मई 2026 तक निर्धारित की गई है। वहीं जनगणना का द्वितीय चरण फरवरी 2027 में आयोजित किया जाएगा।


प्रशिक्षण के पहले बैच के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक शुभारंभ हो चुका है और आने वाले दिनों में अन्य बैचों को भी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।









# श्याम नगर के छात्र अमृतेश राजदीप ने सीबीएसई दसवीं में 96 प्रतिशत अंक हासिल किया

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम बीते बुधवार को घोषित किया गया। परिणाम घोषित होते ही छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस वर्ष भी कई छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

इसी क्रम में नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र के श्याम नगर गांव निवासी पिंटू पासवान के पुत्र अमृतेश राजदीप ने सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे गांव में खुशी का माहौल है।

अमृतेश राजदीप ने पटना स्थित एक निजी विद्यालय से पढ़ाई करते हुए यह शानदार सफलता प्राप्त की है। उनके चाचा संजय पासवान ने बताया कि अमृतेश बचपन से ही पढ़ाई के प्रति बेहद लगनशील और मेहनती रहा है। वह नियमित रूप से पढ़ाई करता था और अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में निरंतर आगे बढ़ता रहा।

उन्होंने कहा कि यह सफलता अमृतेश की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। परिवार को अपने बेटे की इस उपलब्धि पर गर्व है।



अमृतेश की सफलता की खबर मिलते ही घर और गांव में बधाई देने वालों का तांता लग गया। आसपास के दर्जनों लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रामीणों का कहना है कि अमृतेश की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

# अक्षय तृतीया पर राजगीर में बाल विवाह रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर रोक लगाने के उद्देश्य से आइडिया संस्था द्वारा राजगीर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना और समाज को इस कुरीति के खिलाफ एकजुट करना था।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजगीर अनुमंडलीय पदाधिकारी सह अनुमंडलीय मजिस्ट्रेट सूर्य कुमार गुप्ता ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास पर गंभीर प्रभाव डालता है। इससे बच्चों का भविष्य प्रभावित होता है और समाज के समग्र विकास में भी बाधा उत्पन्न होती है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिले तो तुरंत प्रशासन को इसकी जानकारी दें।बाल कल्याण समिति नालंदा की अध्यक्षापुष्पा पांडे ने भी कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह को रोकना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है और इसके लिए जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।

आइडिया संस्था की निदेशक रागिनी कुमारी ने बताया कि अक्षय तृतीया जैसे अवसरों पर अक्सर बाल विवाह की घटनाएं बढ़ जाती हैं, इसलिए समाज के हर वर्ग को सतर्क रहने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं ने बाल विवाह पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया।


कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने बाल विवाह को जड़ से समाप्त करने की शपथ ली। इस मौके पर आइडिया संस्था के जिला समन्वयक मंटू कुमार, उज्ज्वल कुमार, अश्विनी, विवेक, गंगोत्री, विनोद पांडे सहित विद्यालय के शिक्षक व छात्राएं मौजूद थीं।











# दहेज प्रताड़ना मामले में कार्रवाई नहीं होने पर विवाहिता ने एसपी से लगाई गुहार




हरिओम कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के अस्थावां बाज़ार की एक पीड़ित विवाहिता ने न्याय की गुहार लगाते हुए शुक्रवार को आरक्षी अधीक्षक (एसपी) को आवेदन सौंपा है। पीड़िता काजल कुमारी, पिता दिनेश शर्मा की पुत्री है।

पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया कि उसकी शादी लगभग तीन वर्ष पूर्व शेखपुरा जिले के जयरामपुर थाना क्षेत्र के पाकपर गांव निवासी सुधीर ठाकुर के पुत्र आनंद ठाकुर के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। विवाह के कुछ महीनों तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन बाद में ससुराल पक्ष के लोग दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे।

काजल कुमारी का आरोप है कि पति आनंद ठाकुर सहित ससुराल के अन्य सदस्य अक्सर गाली-गलौज करते थे, मारपीट करते थे तथा दहेज की मांग को लेकर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी जाती थी।इस संबंध में पीड़िता ने पहले बिहारशरीफ स्थित महिला थाना, नालंदा में आवेदन दिया था। इस मामले में 20 जनवरी 2026 को कांड संख्या 05/2026 दर्ज किया गया, जिसमें पति आनंद ठाकुर, ससुर सुधीर कुमार, सास सुषमा देवी तथा गोतनी प्रीति देवी (पति शेखर शर्मा) सहित अन्य पर बीएनएस 2023 और दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज है।पीड़िता का कहना है कि मामला दर्ज हुए कई महीने बीत जाने के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। साथ ही उसने आरोप लगाया कि उसके भैंसूर शेखर शर्मा द्वारा फोन के माध्यम से परिजनों को केस से नाम हटवाने की बात कही गई है, जिसका साक्ष्य भी उनके पास मौजूद है।

पीड़िता ने एसपी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।












# रन्नू विगहा में कृषि विभाग की गोष्ठी, किसानों को दी वैज्ञानिक सलाह



सुधीर प्रसाद

बेन (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र की बेन पंचायत अंतर्गत रन्नू विगहा गांव में कृषि विभाग की ओर से संतुलित उर्वरकों के उपयोग को लेकर ग्राम स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को खेती में उर्वरकों के संतुलित और वैज्ञानिक उपयोग के प्रति जागरूक करना था, ताकि भूमि की उर्वरता बनी रहे और फसलों का उत्पादन भी बेहतर हो सके।

कार्यक्रम के दौरान कृषि सलाहकार देवनारायण तथा कृषि समन्वयक ब्रज कुमार ने किसानों के साथ गोष्ठी कर खेती से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने बताया कि यदि किसान संतुलित मात्रा में उर्वरकों का उपयोग करेंगे तो मिट्टी की गुणवत्ता बनी रहेगी और फसल की पैदावार में भी वृद्धि होगी। साथ ही उन्होंने किसानों को यह भी समझाया कि अंधाधुंध रासायनिक उर्वरकों का उपयोग मिट्टी की उर्वरता को धीरे-धीरे कम कर देता है, जिससे भविष्य में खेती पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

कृषि अधिकारियों ने किसानों को पराली प्रबंधन के महत्व के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पराली को जलाने के बजाय उसका उचित प्रबंधन किया जाना चाहिए, ताकि पर्यावरण की सुरक्षा के साथ-साथ खेत की उर्वरता भी बनी रहे। उन्होंने किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया।

कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने कृषि विभाग के अधिकारियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और भविष्य में संतुलित उर्वरकों के उपयोग तथा पराली प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने का भरोसा दिया। किसानों ने इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम को खेती के लिए काफी लाभदायक बताया।






## संपादकीय

जे पी चौधरी



# महिला आरक्षण और परिसीमन: लोकतंत्र के नए दौर की आहट

मभारत का लोकतंत्र अपनी जीवंतता और मजबूती के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है। एक ओर जहां पश्चिम एशिया में युद्ध की भयावह स्थिति को लेकर पूरी दुनिया चिंतित है, वहीं दूसरी ओर भारत में लोकतांत्रिक प्रक्रिया पूरी सक्रियता के साथ आगे बढ़ रही है। देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं और इसी बीच केंद्र सरकार ने संसद के बजट सत्र के दौरान विशेष बैठक बुलाकर महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा का रास्ता खोला है। यह स्थिति भारत के लोकतंत्र की उस शक्ति को दर्शाती है, जिसे हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने संविधान के माध्यम से स्थापित किया था।

इन विशेष बैठकों में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा महिला आरक्षण विधेयक का है। इस विधेयक के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया जा रहा है। यह संविधान संशोधन का विषय है, इसलिए इसे पारित कराने के लिए संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को विश्वास है कि इस विषय पर विपक्षी दल भी समर्थन देंगे, क्योंकि देश की आधी आबादी को प्रतिनिधित्व देने का विरोध करना किसी भी दल के लिए राजनीतिक रूप से कठिन होगा।

महिला आरक्षण के साथ ही परिसीमन से संबंधित विधेयक भी चर्चा में है। परिसीमन के माध्यम से चुनाव क्षेत्रों की सीमाओं और लोकसभा सीटों की संख्या में बदलाव किया जाएगा। प्रस्ताव है कि लोकसभा की वर्तमान 543 सीटों को बढ़ाकर लगभग 850 किया जाए, ताकि बढ़ती जनसंख्या के अनुरूप प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए मौजूदा आरक्षण व्यवस्था भी जारी रहेगी और महिला आरक्षण में भी इन वर्गों की महिलाओं को हिस्सा मिलेगा।

भारत में पिछला परिसीमन 1971 की जनगणना के आधार पर हुआ था। उसके बाद विभिन्न सरकारों ने लोकसभा सीटों की संख्या को स्थिर रखने के लिए संवैधानिक संशोधन किए। लेकिन समय के साथ जनसंख्या में भारी वृद्धि हुई है, जिसके कारण प्रतिनिधित्व का संतुलन बनाए रखने के लिए परिसीमन की आवश्यकता महसूस की जा रही है। सरकार अब इसे 2011 की जनगणना के आधार पर लागू करने की तैयारी कर रही है।

हालांकि इस प्रस्ताव को लेकर कुछ विपक्षी दलों, विशेषकर दक्षिण भारत के राजनीतिक दलों ने आशंका जताई है कि परिसीमन के बाद संसद में उत्तर भारत के राज्यों का प्रभाव बढ़ सकता है। उनका तर्क है कि दक्षिणी राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण में बेहतर काम किया है, इसलिए उनके प्रतिनिधित्व को कम नहीं होना चाहिए। केंद्र सरकार ने इस आशंका को दूर करने का प्रयास करते हुए स्पष्ट किया है कि परिसीमन में सभी क्षेत्रों के साथ न्याय किया जाएगा और पुराने संतुलन को बनाए रखने का प्रयास होगा।दरअसल, महिला आरक्षण और परिसीमन दोनों ही ऐसे विषय हैं जो भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को नए स्वरूप में ढाल सकते हैं। यदि इन प्रस्तावों को व्यापक सहमति के साथ लागू किया जाता है तो इससे लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और जनसंख्या के अनुसार प्रतिनिधित्व भी अधिक संतुलित हो सकेगा। ऐसे में अपेक्षा यही है कि राजनीतिक दल संकीर्ण राजनीति से ऊपर उठकर देशहित में निर्णय लें, ताकि लोकतंत्र और अधिक मजबूत बन सके।

# जिला मंडल कारा में मध्य रात्रि में छापा पड़ा , कैदियों को संभलने का नहीं मिला मौका



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिले के मंडल कारा में बुधवार और गुरुवार की मध्यरात्रि जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण किया। इस कार्रवाई से जेल प्रशासन और बंदियों के बीच कुछ समय के लिए हड़कंप की स्थिति बन गई।

जानकारी के अनुसार 16-17 अप्रैल की रात जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय और पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान के नेतृत्व में अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारियों की टीम अचानक मंडल कारा पहुंची। उस समय अधिकांश बंदी अपने-अपने वार्ड में सो रहे थे। अधिकारियों ने जेल के सभी वार्डों, सेल और संवेदनशील स्थानों की बारीकी से तलाशी ली।

निरीक्षण के दौरान जेल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता और निगरानी प्रणाली की भी जांच की गई। जिलाधिकारी ने जेल प्रशासन को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी सीसीटीवी कैमरों को सुचारू रूप से संचालित रखने और नियंत्रण कक्ष से चौबीसों घंटे निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।साथ ही सुरक्षा कर्मियों को संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने और कारागार के भीतर अनुशासन व नियमों का सख्ती से पालन कराने की हिदायत दी गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि यदि जेल परिसर में किसी भी प्रकार की अवैध सामग्री या संदिग्ध गतिविधि पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इस औचक निरीक्षण के दौरान जिला और पुलिस प्रशासन के कई वरीय अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रशासन की इस कार्रवाई को सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# जनता दरबार में 36 मामलों की सुनवाई, अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। शुक्रवार को समाहरणालय परिसर में आयोजित जनता दरबार में आम लोगों की समस्याओं की सुनवाई की गई। जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 36 आवेदनों पर सुनवाई की गई और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

जानकारी के अनुसार जिला पदाधिकारी ने अपने कार्यालय कक्ष में 19 आवेदनों की सुनवाई की, जबकि अपर समाहर्ता (राजस्व) अनिल कुमार सिन्हा की उपस्थिति में समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में आयोजित जनता दरबार में 17 अन्य आवेदनों पर सुनवाई की गई। इस प्रकार कुल 36 मामलों पर सुनवाई करते हुए लोगों की समस्याओं के समाधान की दिशा में पहल की गई।

जनता दरबार में अतिक्रमण, शिक्षा, जमाबंदीसुधार, दाखिल-खारिज, परिमार्जन तथा अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं को लेकर लोगों ने आवेदन दिए। जिला पदाधिकारी ने भूमि विवाद, दाखिल-खारिज और परिमार्जन से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अंचल पदाधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

अवैध अतिक्रमण से जुड़े मामलों के समाधान के लिए अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया, जबकि नाली-गली से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए पंचायती राज पदाधिकारी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता (राजस्व) अनिल कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव कुमार, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) विनय कुमार सिंह, सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग पूनम कुमारी, वरीय उप समाहर्ता होमा इरफान तथा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा सहित कई जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

# अस्थावां के जंगीपुर खेत में 50 वर्षीय महिला का शव बरामद

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के अस्थावां थाना क्षेत्र में एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थिति में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। जंगीपुर गांव के पास खेत से करीब 50 वर्षीय अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया है। घटना के बाद आसपास के लोगों में दहशत और तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने खेत में एक महिला का शव पड़ा देखा, जिसके बाद इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही अस्थावां थाना अध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक उत्तम कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की।

पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम केलिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। मृतका की पहचान अब तक नहीं हो ,सकी है जिससे घटना और भी रहस्यमय हो गई है।

थानाध्यक्ष उत्तम कुमार ने बताया कि शव संदिग्ध हालत में मिला है। पहचान के लिए शव को 72 घंटे तक सदर अस्पताल के शीतगृह में रखा जाएगा, ताकि कोई परिजन या पहचान करने वाला सामने आ सके।

फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि महिला की मौत किसी हादसे में हुई है या इसके पीछे कोई आपराधिक घटना है।

इस घटना के बाद पूरे इलाके में चर्चा का माहौल है और लोग महिला की पहचान तथा मौत के कारणों को लेकर तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। पुलिस ने लोगों से भी अपील की है कि यदि किसी को महिला के बारे में जानकारी हो तो पुलिस को सूचित करें।

# चंडी नगर पंचायत को सैरात बंदोबस्ती से 26 लाख 90 हजार का राजस्व



चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। नगर पंचायत चंडी को इस वर्ष सैरात बंदोबस्ती से 26 लाख 90 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय में सैरात बंदोबस्ती के लिए निविदा की वित्तीय बोली खोली गई, जिसमें चार प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से अधिकारियों की मौजूदगी में संपन्न कराई गई।

डाक प्रक्रिया के दौरान ओंकार कुमार, रवि कुमार, राजनंदन कुमार और सुजीत कुमार पटेल ने बोली लगाई। प्रारंभिक बोली 12 लाख 65 हजार रुपये से शुरू हुई। इसके बाद प्रतिभागियों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ती गई और कुल 22 राउंड तक बोली प्रक्रिया चली। अंततः ओंकार कुमार ने सबसे अधिक 26 लाख 90 हजार रुपये की बोली लगाकर सैरात बंदोबस्ती अपने नाम कर ली।

नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. अनूपा कुमारी ने बताया कि बंदोबस्ती की पूरी प्रक्रिया नियमानुसार और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई गई है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के औपचारिक आदेश जारी होने के बाद चुंगी वसूली का कार्य शुरू करने की अनुमति दी जाएगी।

उन्होंने यह भी बताया कि सैरात बंदोबस्ती से नगर पंचायत को अच्छी आय प्राप्त हुई है, जिससे क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है। इस राशि का उपयोग नगर क्षेत्र में सफाई, सड़क, नाली और अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने में किया जाएगा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पंचायत की आय बढ़ने से क्षेत्र में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में मदद मिलेगी और नगर क्षेत्र की सुविधाओं में सुधार देखने को मिलेगा।

# केवई पुल के पास अनियंत्रित बाइक गड्ढे में गिरी, अधेड़ व्यक्ति की मौत



चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। थाना क्षेत्र के केवई पुल के टर्निंग पॉइंट के पास शुक्रवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान महेशपुर गांव निवासी लगभग 50 वर्षीय विजेंद्र प्रसाद उर्फ साधु जी के रूप में की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विजेंद्र प्रसाद शुक्रवार की सुबह करीब सात बजे अपने बच्चे के पास कोटा जाने के लिए टिकट कटाने हिलसा जा रहे थे। इसी दौरान केवई पुल के टर्निंग पॉइंट के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई। संतुलन बिगड़ने के कारण वह बाइक समेत करीब 20 से 25 फीट नीचे गड्ढे में जा गिरे, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

हादसे के बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और काफी प्रयास के बाद उन्हें गड्ढे से बाहर निकाला। इसके बाद घायल अवस्था में उन्हें इलाज के लिए चंडी के रेफरल अस्पताल ले जाया गया। हालांकि अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही चंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया।

इस हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है और पूरे गांव में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि केवई पुल का टर्निंग पॉइंट काफी खतरनाक है और यहां पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से वहां सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग और चेतावनी संकेत लगाने की मांग की है।

# मध्य विद्यालय कोरुत में 19 सदस्यीय मीना मंच का किया गया गठन



चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। प्रखंड के मध्य विद्यालय कोरुत में शुक्रवार को छात्राओं के सर्वांगीण विकास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 19 सदस्यीय मीना मंच का गठन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षक अमरजीत कुमार, इम्तियाज अख्तर, रीना, मिथलेश और मुकेश कुमार सहित कई शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मीना मंच की संयोजिका शशि प्रभा ने की। उन्होंने कहा कि मीना मंच का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करना तथा अभिव्यक्ति कौशल को मजबूत करना है।उन्होंने बताया कि इस मंच के माध्यम से छात्राओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ सामाजिक बुराइयों से दूर रहने और अपने अधिकारों के प्रति सजग बनने की प्रेरणा दी जाती है। साथ ही बालिकाओं को आत्मविश्वासी, साहसी और सशक्त बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी किया जाता है।

गठन के दौरान रिया कुमारी को मीना मंत्री चुना गया। उनके सहयोग के लिए अनुराधा, सिमरन, अनुष्का, रूपा प्रिया, आरुपि, अनीशा, नंदनी और सीमा सहित अन्य छात्राओं को मंच की विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं में काफी उत्साह देखा गया। सभी ने मिलकर मीना मंच के उद्देश्यों को सफल बनाने और विद्यालय तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी छात्राओं को आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया।

# छाछुबिघा में साईं बाबा का 19वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है



आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र के छाछुबिघा गांव स्थित साईं बाबा मंदिर में 19वां वार्षिकोत्सव समारोह श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।

शुक्रवार की सुबह साईं बाबा का मंगल स्नान और विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद साईं बाबा की प्रतिमा को पालकी पर विराजमान कर गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और सैदी तथा छाछुबिघा गांव का भ्रमण किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने साईं बाबा के जयकारे लगाए और पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना रहा।

शाम के समय साईं भजन का भी आयोजन किया गया, जिसमें भजन-कीर्तन के माध्यम से श्रद्धालुओं ने साईं बाबा की आराधना की।

शनिवार को सुबह फिर से मंगल स्नान, साईं उपासना और हवन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद शाम चार बजे से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा। वहीं रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है, जिसमें स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

इस वार्षिकोत्सव को सफल बनाने के लिए गांव के लोग पूरे उत्साह के साथ तैयारी में जुटे हुए हैं। कार्यक्रम की व्यवस्था में मुरारी सिंह, सत्यम भारती, बबलू सिंह, बिरेंद्र प्रसाद सहित अन्य ग्रामीण सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हर वर्ष की तरह इस बार भी साईं बाबा का वार्षिकोत्सव पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।



# नालन्दा न्यायमंडल में अब नियमित जमानत आवेदन(B.P) एवं अग्रिम जमानत आवेदन(A.B.P)के लिए ई. फाइलिंग अनिवार्य

माननीय उच्च न्यायालय, पटना के द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में श्री गुरविन्दर सिंह मल्होत्रा, माननीय विद्वान् प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नालन्दा, बिहारशरीफ की अध्यक्षता में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नालन्दा, बिहारशरीफ के प्रकोष्ठ में एक बैठक आयोजित किया गया, जिसमे जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री बीरेंद्र कुमार सिंह, सचिव श्री दिनेश कुमार, श्रीमती नमिता सिंह, विद्वान जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, प्रथम, नालन्दा, श्री योगेन्द्र कुमार शुक्ला, अवर न्यायाधीश, प्रथम, नालन्दा तथा श्री राजेश कुमार गौरव, अवर न्यायाधीश-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नालन्दा उपस्थित रहे ।

आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि अब माननीय विद्वान् प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नालन्दा के न्यायालय में नियमित जमानत आवेदन (B.P) एवं अग्रिम जमानत (A.B.P) आवेदन ई.फाइलिंग के माध्यम से ही अनिवार्य रूप से किया जाएगा ।

ध्यातव्य है कि पूर्व में भी व्यवहार न्यायालय, नालन्दा में सभी प्रकार के N.I.Act 138 के तहत दायर परिवाद पत्र में सभी प्रकार के आवेदनों को ई. फाइलिंग के माध्यम से माननीय मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, नालन्दा तथा अवर मुख्य न्यायाधीश, हिलसा, नालन्दा के यहाँ दर्ज किया जा रहा था । अब इन आवेदनों के अतिरिक्त नियमित जमानत आवेदन (B.P) एवं अग्रिम जमानत (A.B.P) कोभी ई. फाइलिंग के माध्यम से माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नालन्दा के यहाँ दाखिल करना अनिवार्य कर दिया गया है । इन आवेदनों को स्वयं अथवा समर्पित/ प्रतिबद्ध ई. सेवा केंद्र के काउंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं तथा जिन विद्वान् अधिवक्ता को ई. फाइलिंग में कठिनाई हो रही हो तो वे बिहारशरीफ/हिलसा में समर्पित/ प्रतिबद्ध ई. सेवा केंद्र में प्रतिनियुक्त कर्मचारी/ पारा विधिक स्वयंसेवक(PLV) से सीधे संपर्क कर आवेदन दाखिल कर सकते हैं । यह व्यवस्था दिनांक- 27 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगा ।

इस सन्दर्भ में माननीय उच्च न्यायालय, पटना के द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में श्री गुरविन्दर सिंह मल्होत्रा, माननीय विद्वान् प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नालन्दा, बिहारशरीफ की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय का नालन्दा जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एवं सचिव ने इस व्यवस्था का स्वागत करते हुए कहा कि यह प्रक्रिया काफी जनोपयोगी, सरल एवं उपयोगी है एवं विद्वान् अधिवाक्तागण को को ई.फाइलिंग के सन्दर्भ में पूर्व में भी न्यायालय प्रशासन द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया है तथा न्यायालय प्रशासन द्वारा ई.फाइलिंग में सभी विद्वान् अधिवक्तागण तथा पक्षकारों को सहयोग करने का अपील किया गया है ।

# स्टूडेंट पॉइंट बिहारशरीफ में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह, 65 मेधावी छात्र सम्मानित




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहारशरीफ के धनेश्वर घाट स्थित स्टूडेंट पॉइंट कोचिंग संस्थान में शुक्रवार को भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के कुल 65 मेधावी छात्र-छात्राओं को संस्थान के संस्थापक विशाल सर द्वारा मेडल, मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावक और शिक्षक भी उपस्थित रहे, जिससे पूरा वातावरण उत्साह और गर्व से भरा रहा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थापक विशाल सर ने कहा कि यह सम्मान समारोह हर वर्ष आयोजित किया जाता है, ताकि विद्यार्थियों का मनोबल बढ़े और वे आगे भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित हों। उन्होंने बताया कि स्टूडेंट पॉइंट से पढ़कर कई छात्र रेलवे, एसएससी, अर्धसैनिक बल, आर्मी, बीपीएससी, बिहार पुलिस और आयकर विभाग जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जबकि कई छात्र डॉक्टर बनकर समाज की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य है कि यहां से पढ़ने वाला प्रत्येक छात्र अपने माता-पिता, जिले और राज्य का नाम रोशन करे। साथ ही गरीब और जरूरतमंद छात्रों के लिए निशुल्क आवासीय सुविधा और मुफ्त शिक्षा की भी व्यवस्था की गई है।

संस्थान के व्यवस्थापक मणि कुमार ने बताया कि कमजोर छात्रों के लिए विशेष अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की जाती हैं और अनुशासन पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। वहीं नागमणि कुमार ने कहा कि संस्थान में आधुनिक डिजिटल माध्यमों से पढ़ाई कराई जाती है।समारोह के दौरान सोनम कुमारी, पूजा कुमारी, अंकित कुमार, सोनी परवीन, मेघा रानी, सुकृति कुमारी, आशीष राज, सुमन कुमारी और खुशबू कुमारी सहित कई अन्य छात्रों को सम्मानित किया गया। सभी विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों और अभिभावकों को देते हुए संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया।

# चेरो ओपी के नव पदस्थापित थानाध्यक्ष रोशन कुमार का लोगों ने स्वागत किया

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। चेरो ओपी थाना में नव पदस्थापित थानाध्यक्ष रोशन कुमार ने पदभार ग्रहण कर लिया है। उनके पदभार संभालने के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों द्वारा स्वागत का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में चेरो पंचायत के पूर्व मुखिया राम भगवान यादव के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने थानाध्यक्ष रोशन कुमार का फूलमाला और बुके देकर स्वागत किया।

इस दौरान पूर्व मुखिया राम भगवान यादव ने कहा कि नए थाना प्रभारी के साथ यह शिष्टाचार मुलाकात क्षेत्र में बेहतर तालमेल स्थापित करने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने आशा जताई कि रोशन कुमार के नेतृत्व में क्षेत्र में कानून व्यवस्था और मजबूत होगी तथा आम लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय रहने से क्षेत्र में शांति और व्यवस्था बनाए रखने में काफी मदद मिलती है। साथ ही उन्होंने थाना प्रभारी को आश्वस्त किया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय लोग हर संभव सहयोग देंगे।थानाध्यक्ष रोशन कुमार ने भी सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने लोगों से पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील भी की।

मौके पर पूर्व मुखिया राकेश पासवान, वार्ड सदस्य राजेश यादव, नीतीश कुमार, दुलारचंद यादव, अशोक यादव, रवि कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# मुढारी गांव में बजरंगबली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु आज निकलेगी भव्य कलश यात्रा



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। प्रखंड के मुढारी गांव स्थित फोरलेन सड़क किनारे बने नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत शनिवार से होने जा रही है। इस अवसर पर आज भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें आसपास के कई गांवों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

ग्रामीणों के अनुसार कलश यात्रा यज्ञ स्थल परिसर से प्रारंभ होकर बख्तियारपुर स्थित गंगा तट तक जाएगी, जहां से श्रद्धालु गंगाजल लेकर वापस मंदिर परिसर पहुंचेंगे। इस दौरान गाजे-बाजे, डीजे और जय श्रीराम के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहेगा। यात्रा में बड़ी मुढारी, छोटी मुढारी, रूपसपुर सहित आसपास के गांवों की कन्याएं और श्रद्धालु शामिल होंगे।

ग्रामीण सुगमबर यादव, नंदू यादव, जितेंद्र यादव, गुड्डू, सुनील, मनीष, कौशल और पप्पू ने बताया कि वर्ष 1999 में यहां बजरंगबली का मंदिर स्थापित किया गया था। बाद में फोरलेन सड़क निर्माण के दौरान मंदिर क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से लाखों रुपये की लागत से नए मंदिर का निर्माण कराया गया है। मंदिर में स्थापना के लिए गया जिले के पत्थरकट्टी से लगभग पांच फीट ऊंची बजरंगबली की प्रतिमा मंगाई गई है।यज्ञाचार्य पंडित अरविंद पांडेय ने बताया कि शनिवार को कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद रविवार को वेदी पूजन और मंडप पूजन होगा। 20 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य अनुष्ठान संपन्न कराया जाएगा। वहीं 21 अप्रैल से 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू होगा और 22 अप्रैल को पूर्णाहुति तथा हवन के साथ धार्मिक कार्यक्रमों का समापन किया जाएगा।



# 'नारी शक्ति फॉर विकसित भारत रन' में उमड़ा उत्साह, सीएम बोले—महिलाओं के लिए ऐतिहासिक होगा आज का दिन



संजय कुमार

पटना(अपना नालंदा)। राजधानी पटना में आयोजित 'नारी शक्ति फॉर विकसित भारत रन' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शामिल हुए। नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। जे०पी० गंगा पथ स्थित दीघा गोलंबर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ में शामिल महिलाओं को रवाना किया।

कार्यक्रम के दौरान नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान में भी मुख्यमंत्री ने भाग लिया और हस्ताक्षर कर अपना समर्थन दर्ज कराया। इस अवसर पर विधायक सुश्री श्रेयसी सिंह ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने हाथ हिलाकर मुख्यमंत्री का अभिवादन किया और पूरे आयोजन में उत्साह का माहौल बना रहा।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयोजकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम नारी शक्ति को समर्पित है और महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि यदि आज महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा से पारित हो जाता है तो 17 अप्रैल का दिन देश की महिलाओं के लिए ऐतिहासिक और क्रांतिकारी साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद यह ऐसा बड़ा कदम होगा, जिससे महिलाओं को राजनीति में अधिक प्रतिनिधित्व मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित व्यवस्था के तहत लोकसभा की सीटों की संख्या 543 से बढ़कर 816 हो जाएगी और इनमें से एक-तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। इससे बड़ी संख्या में महिलाएं चुनाव जीतकर संसद मेंपहुंचेंगी और देश की नीतियों के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएंगी।उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से लोकतंत्र और मजबूत होगा। महिलाओं की आवाज संसद में प्रभावी ढंग से उठेगी और समाज के विकास में उनका योगदान और अधिक बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति देश के विकास की महत्वपूर्ण आधारशिला है और उनके सशक्तिकरण के बिना विकसित भारत की कल्पना अधूरी है।

मुख्यमंत्री ने बिहार में महिलाओं को मिले अधिकारों का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पंचायती राज संस्थाओं और नगर निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें सशक्त बनाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। इस निर्णय से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और वे सामाजिक तथा राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय रूप से भागीदारी निभा रही हैं।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की भी सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने की दिशा में यह कदम देश के लोकतांत्रिक इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस निर्णय का बिहारवासी पूरी एकजुटता के साथ स्वागत करेंगे।

कार्यक्रम में विधायक सुश्री श्रेयसी सिंह, विधायक श्रीमती रमा निषाद, विधायक श्रीमती संगीता कुमारी, पटना नगर निगम की महापौर श्रीमती सीता साहू, जिलाधिकारी डॉ० त्यागराजन एस०एम०, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के० शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




# मुख्यमंत्री ने किया 'भारत की जनगणना-2027' का शुभारंभ, डिजिटल तकनीक से होगा डेटा संग्रह



पटना(अपना नालंदा)। विश्व के सबसे बड़े प्रशासनिक एवं सांख्यिकीय अभियान 'भारत की जनगणना-2027' का बिहार में औपचारिक शुभारंभ मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री सचिवालय से माउस क्लिक कर किया। इस अवसर पर उन्होंने राज्यवासियों से अपील की कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय और उत्साहपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करें, ताकि राज्य और देश के विकास के लिए सटीक आंकड़े उपलब्ध हो सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना किसी भी देश की प्रशासनिक व्यवस्था और सुशासन की आधारशिला होती है। इसके माध्यम से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर आने वाले वर्षों की विकास योजनाएं, नीतियां और कल्याणकारी कार्यक्रम तैयार किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि जनगणना-2027 तकनीकी दृष्टि से भी एक ऐतिहासिक पहल है, क्योंकि इसमें पहली बार पूरी प्रक्रिया को डिजिटल माध्यम से संचालित किया जा रहा है। इससे आंकड़ों के संग्रहण और विश्लेषण में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित होगी।

उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना में डिजिटल डेटा संग्रहण के साथ-साथ स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की सुविधा भी दी गई है। यह सुविधा 17 अप्रैल 2026 से 1 मई 2026 तक उपलब्ध रहेगी, जिसके माध्यम से नागरिक स्वयं ऑनलाइन अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इससे लोगों की भागीदारी बढ़ेगी और जनगणना प्रक्रिया अधिक सरल और तेज हो सकेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। यह प्रक्रिया 2 मई 2026 से 31 मई 2026 तक चलेगी। इस दौरान प्रगणक घर-घर जाकर मकानों और परिवारों से संबंधित जानकारी एकत्रित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस चरण में एकत्रित आंकड़े प्रशासन को जनसंख्या, आवासीय स्थिति और सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों को समझने में मदद करेंगे।

मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे जनगणना कार्य में प्रगणकों का सहयोग करें और सही जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि एक सटीक और विश्वसनीय जनगणना से ही सरकार को विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने में सहायता मिलती है। इससे समाज के हर वर्ग तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि 'जनगणना-2027' बिहार और पूरे देश के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार करेगी। इसके आंकड़ों के आधार पर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू किया जा सकेगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सी०के० अनिल, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि तथा गृह विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी संजय कुमार सिंह सहित कई अधिकारी उपस्थित थे। सभी अधिकारियों ने जनगणना अभियान को सफल बनाने के लिए समन्वित प्रयास करने का संकल्प व्यक्त कि|

# सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर चंद्रवंशी नवनिर्माण सेना ने दी बधाई




पटना (अपना नालंदा)। बिहार के नए मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी के पदभार ग्रहण करने पर चंद्रवंशी नवनिर्माण सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी का मुख्यमंत्री बनना बिहार की राजनीति में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है और इससे राज्य के विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने संदेश में कहा कि मुख्यमंत्री का पद केवल एक संवैधानिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि करोड़ों बिहारवासियों के विश्वास और उम्मीदों का प्रतीक है। राज्य की जनता को नए नेतृत्व से विकास, सुशासन और पारदर्शी प्रशासन की बड़ी अपेक्षाएं हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार प्रगति की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

उन्होंने कहा कि बिहार एक संभावनाओं से भरा हुआ राज्य है, जहां युवाओं की बड़ी आबादी है। ऐसे में सरकार के सामने युवाओं को बेहतर शिक्षा, रोजगार और अवसर उपलब्ध कराने की बड़ी जिम्मेदारी है। उम्मीद है कि मुख्यमंत्री युवाओं के लिए नई योजनाएं और नीतियां लागू करेंगे, जिससे उन्हें अपने राज्य में ही बेहतर भविष्य बनाने का अवसर मिलेगा।

Kalope HOMES

All-in-One Home Solution

# Luxury Interior with RealPlast UPVC

Waterproof | Termite Proof | Fire Retardant | Zero Maintenance

Material Partner: REAL PLAST

RealPlast UPVC is a next-generation interior material that combines strength, safety, and luxury design.




**Modular Kitchen**
✓ Cabinets, shutters, drawers



**TV Unit & Wall Panels**
✓ Modern design, storage



**Wardrobes & Closets**
✓ Sliding, swing, loft, drawers



**Bathroom Vanities**
✓ Waterproof & hygienic

+91 74887 06578 www.kalopehomes.com Patna, Bihar